# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग, हरदोई।

पत्रांक 658 /14-10-4 दिनांक, हरदोई, 23-8-2017।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
लखनऊ मण्डल,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः- **जनपद-हरदोई में हरदोई-लखनऊ (राजमार्ग संख्या-25) कि0मी0 161-224, हरदोई-साण्डी मार्ग कि0मी0-0.0 से 06.50 एंव हरदोई-शाहजहाँपुर मार्ग (राजमार्ग संख्या-25) कि0मी0-142. 25 से 158.25 के मध्य कुल दूरी 85.50 कि0मी0 मे रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा संरक्षित मार्ग पटरी पर 0.90 हे0 वन भूमि पर ओ0एफ0सी0 बिछाये जाने की अनुमति हेतु संशोधित प्रस्ताव का प्रेषण।**

सन्दर्भः- मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय पत्रॉक-2348/11-सी-FP/UP/Others/23622/2017, दिनॉक-16-5-2017।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा 05 बिन्दुओ पर लायी गयी आपत्ति के कम मे प्रस्तावक विभाग के द्वारा संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है पूर्व मे प्रस्तावित आंशिक स्थल साण्डी-हरदोई कि0मी0 06.50 से कि0मी0 22.50 का भू-भाग निकाल दिया गया है। 05 बिन्दुओ पर लायी गयी आपत्ति का निराकरण करते हुए सूचना/अभिलेख निम्नानुसार संलग्न कर आपकी सेवा मे अवलोकनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1-प्रस्तावक विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मानक शर्तो के मान्य होने का प्रमाण पत्र को प्रतिहस्ताक्षरित कर मूल प्रस्ताव मे संलग्न कर दिया गया है।

2- प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रस्तुत किये गये क्षतिपूरक वृक्षारोपण पर होने वाले व्यय वहन से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/वचनबद्वता प्रमाण पत्र को प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रस्ताव मे संलग्न कर दिया गया है।

3-संशोधित प्रस्ताव के अनुसार ओ0एफ0सी0 लाइन हेतु प्रस्तावित स्थल से साण्डी पक्षी विहार (संरक्षित वन क्षेत्र) 10 कि0मी0 की परिधि से बाहर मे स्थित है। वॉछित प्रमाण पत्र प्रस्ताव के पृष्ट सं0-37 पर संलग्न है।

4-आनलाइन व आफलाइन के भाग-2 मे आफलाइन के अनुसार हरियाली घनत्व सही कर दिया गया है।

5-लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को प्ररताव मे संलग्न कर दिया गया है।

**संलग्नक**-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(राकेश चन्द्रा)
प्रभागीय निदेशक
सा0वा0वन एंव वन्यजीव प्रभाग
हरदोई।

पत्रांक /उक्त दिनांकित।

**प्रतिलिपि**:-रिलाइन्स जियो इन्फोकाम लि0, क्षेत्रीय कार्यालय, रोहतास के0 ट्राइडेन्ट द्वितीय तल, महाराणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राकेश चन्द्रा)
प्रभागीय निदेशक
सा0वा0वन एंव वन्यजीव प्रभाग
हरदोई।

E:\OFC Line\R.J.I. Project.doc